# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक: 364 /भण्डार/2025

भोपाल, दिनांक: 21/11/2025

## उत्तरपुरितका क्रय हेतु आनलाईन प्रथम निविदा वर्ष : 2025

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की परीक्षाओं के "उत्तरपुस्तिका क्रय **हेतु आनलाईन प्रथम निविदा वर्ष : 2025**" ऑन लाईन ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, शर्ते एवं विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु म.प्र.शासन की वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर लॉग–ऑन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1,000-00 (एक हजार मात्र) तथा सुरक्षा निधि रू. 6,00,000–00 (छः लाख मात्र) है। इन्हें ऑन–लाईन जमा किया जाना है।

निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 2,00,00,000-00 (दो करोड़ रूपये मात्र) है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने संबंधी विवरण निम्नानुसार हैं–

| स.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 21/11/2025 | निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** |
| 02 | Document Download/Start Date | 21/11/2025 | |
| 03 | Pre Bid Meeting Date | 28/11/2025 | |
| 04 | Bid Submission Start Date | 21/11/2025 | |
| 05 | Document Download/Sale End Date | 15/12/2025 | |
| 06 | Bid Submission End Date | 15/12/2025 | |
| 07 | Bid Opening Date | 16/12/2025 | |

निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब साईट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

कुलसचिव

## भाग — 1
## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा संबंधी जानकारी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की वेब साईट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

1.2 यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं के उपयोग मे आने वाली उत्तरपुस्तिकाओं के क्रय के लिए आमंत्रित की जा रही है।

1.3 उत्तरपुस्तिका क्रय की निविदा को वेब साईट https://mptenders.gov.in पर ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है। निविदा मे किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति मे संशोधन की जानकारी वेब साईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मूल्य रू. 2,00,00,000–00 (दो करोड रूपये मात्र) है।

1.4 निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है:

| स.क्र. | विवरण | दिनांक | स्थान |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 21/11/2025 | निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in |
| 02 | Document Download/Start Date | 21/11/2025 | |
| 03 | Pre Bid Meeting Date | 28/11/2025 | |
| 04 | Bid Submission Start Date | 21/11/2025 | |
| 05 | Document Download/Sale End Date | 15/12/2025 | |
| 06 | Bid Submission End Date | 15/12/2025 | |
| 07 | Bid Opening Date | 16/12/2025 | |

1.5 यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणों से निविदा यदि खोला नही जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर खोली जाएगी।

**प्रक्रिया–1:** निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000/- (एक हजार मात्र) है। सुरक्षा निधि राशि रूपये 6,00,000–00 (छः लाख मात्र) है। यह राशि ऑन–लाईन जमा किया जाना है। जमा की गई दोनो रसीदो को निविदा के साथ अपलोड करना है।

उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं निविदा प्रतिभूति राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया 2 के लिए योग्य माना जाएगा।

**प्रक्रिया–2:** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 मे योग्य पाई जाने वाली फर्मो की ही तकनीकी निविदा खोली जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 मे दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्कैन कर अपलोड किए जाने है।

**प्रक्रिया–3:** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 2 मे योग्य पाई जाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को ऑन–लाईन प्रस्तुत किया जाना है।

## भाग– 2
## निविदा की अर्हकारी शर्ते

2.2 **अनुभवः–** फर्म द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2022–23, 2023–24, 2024–25) में मान्यता प्राप्त न्यूनतम 2 शासकीय विश्वविद्यालयों / शैक्षणिक संस्थाओं में उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य किया गया हो, जिसमें न्यूनतम 25 लाख प्रतिवर्ष उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य किया हो। संबंधित संस्था का कार्य आदेश / प्रमाण पत्र प्रमाण स्वरूप ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें।

2.2 **टर्नओवरः**–पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2022–23, 2023–24, 2024–25) में रू. 6.00 करोड़ औसत का टर्न ओवर होना अनिवार्य है। **फर्म को टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें।**

2.3 **इनकम टैक्सः**–विगत तीन असेसमेंट वर्ष (2022–23, 2023–24, 2024–25) का इनकम टैक्स प्रमाण पत्र की प्रति ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें।

2.4 **ब्लैकलिस्टः–** निविदाकर्ता फर्म किसी भी शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। ब्लेक लिस्टेड के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी यदि है तो प्रदान करना अनिवार्य है। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, तथा शपथ पत्र में सभी निर्धारित शर्तों का पालन निविदाकर्ता द्वारा किया गया है के संबंध में भी उल्लेख होना चाहिए। शपथ पत्र रू0 500.00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित होगा। (शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न है।)

2.5 **प्रत्येक पृष्टः**–निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा नंबरिंग करने के उपरांत फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर किया जाना आवश्यक है। **किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे प्रस्तुत किया नही माना जावेगा।**

2.6 **प्रमाण पत्रः**– संस्था / फर्म / कम्पनी का

(क) वैद्य जी.एस.टी. (GST) नंबर की प्रति प्रस्तुत करें।

(ख) आयकर (PAN) के नंबर की प्रति प्रस्तुत करें।

(ग) वैद्य रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करें।

2.7 **निर्धारित प्रपत्रः**–निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। प्रपत्र का मूल्य रूपये वापसी योग्य नही है।

2.8 **सेम्पलः–** निविदाकर्ता को निविदा के साथ निम्नानुसार प्रत्येक सेम्पल का एक पृष्ठ प्रस्तुत करना अनिवार्य है

(1) 70 जी.एस.एम. क्रीमवोव पेपर

**उक्तानुसार सेम्पल डाक अथवा पत्र वाहक से सहा–कुलसचिव (भण्डार), बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, होशंगाबाद रोड़, भोपाल–462026 के पते पर निविदा जमा करने की अंतिम तिथी सायं 5:00 बजे तक पहुँच जाना चाहिए।**

2.9 निविदाकर्ता फर्म के पास ISO 9001:2008 जीवित अथवा अद्यतन प्रमाण–पत्र होना चाहिए।

2.13 निविदाकर्ता फर्म के पास ISO 27001:2008 जीवित अथवा अद्यतन प्रमाण–पत्र होना चाहिए।

भाग–3

## निविदा की अन्य शर्तें

3.1 **निविदाएं निरस्तः–**

3.11 निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाली निविदाओं पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जावेगा।

3.12 विश्वविद्यालय द्वारा चाही गई निविदा प्रतिभूति तथा निष्पादन प्रतिभूति राशि म.प्र. संशोधित भण्डार क्रय नियम अनुसार एवं अन्य आवश्यक विवरण एवं जानकारियों के अभाव में प्राप्त निविदाएं निरस्त मानी जावेगी।

3.2 **अनुबंधः–**

3.21 कार्य आदेश के पूर्व सफल निविदाकर्ता को अनुमानित निविदा की 3 प्रतिशत राशि की निष्पादन प्रतिभूति (Performance Gurantee) एफ.डी.आर., कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पक्ष में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। साथ ही एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन पर निष्पादन प्रतिभूति (Performance Gurantee) को राजसात कर उसका नकदीकरण किया जा सकेगा।

3.22 पात्र पाई गई संस्था से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।

3.23 विश्वविद्यालय द्वारा फर्म की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता को देखते हुए अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से अधिकतम 1 वर्ष तक के लिए बढ़ाया भी जा सकता है। फर्म से अनुबंध की अवधि में उत्तरपुस्तिका की मूल्य की कीमत में वृद्धि को मान्य नहीं किया जावेगा।

3.24 दोनो पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक है।

3.3 **निविदाकर्ता फर्म की जिम्मेदारीः–**

3.31 उत्तरपुस्तिका विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत स्पेसिफिकेशन के अनुसार कार्य पूर्ण कर प्रदान करने पर ही स्वीकार की जावेगी। आदेशित सामग्री स्पेसिफिकेशन के अनुरूप न होने या निर्धारित गुणवत्ता से कम होने पर सफल निविदाकर्ता को उनके व्यय पर वापस की जाएगी। उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा सफल निविदाकर्ता फर्म के व्यय पर करवाया जाएगा एवं प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर फर्म को भुगतान किया जाएगा।

3.32 उत्तरपुस्तिका मुद्रण में लगने वाले कागज एवं अन्य सामग्रीयों की व्यवस्था निविदाकर्ता फर्म द्वारा की जाएगी।

3.33 उत्तरपुस्तिका प्रदाय की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होगी।

3.4 **विश्वविद्यालय की जिम्मेदारीः–**

3.41 उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर मुद्रित होने वाला मैटर विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

3.5 **वित्त संबंधीः–**

3.51 दरें कर से रहित (Without tax) होगी। यदि आवश्यक लगे तो कर का पृथक से उल्लेख करें। इसकी जानकारी निविदा प्रपत्र में देवें।

3.52 आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए देयकों के भुगतान पर नियमानुसार टी.डी.एस. एवं नियमानुसार किए जाने वाले अन्य करों की कटौती/भुगतान की जावेगी।

3.53 निविदा की शर्तों में किसी प्रकार की छूट नही दी जावेगी।

3.6 **दण्ड अधिरोपणः—**

3.61 **कार्य संतोषजनक न होनाः**— कार्य संतोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तो का पालन नही करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौती का अधिकार कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.62 **सामग्री में त्रुटिः—**

(1) 01 जी.एस.एम. की कमी तक बिल की राशि का 3 प्रतिशत की कटौति की जावेगी।

(2) 02 जी.एस.एम. की कमी तक बिल की राशि का 6 प्रतिशत की कटौति की जावेगी।

(3) 03 जी.एस.एम. की कमी तक बिल की राशि का 9 प्रतिशत की कटौति की जावेगी।

इससे अधिक जी.एस.एम. की कमी पर इसी अनुपात में कटौति की जावेगी।

3.63 उत्तर पुस्तिका के साईज में कमी के लिए प्रति वर्गसेंटीमीटर के लिए प्रदाय मूल्य का एक प्रतिशत कटौत्रा दण्डस्वरूप किया जावेगा।

3.64 **विलम्बः**— विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए आदेश की तिथि के 45 दिवस के अन्दर निविदा में सफल फर्म को उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य संपादित करना होगा। यदि उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य समय सीमा में पूर्ण नही किया जाता है तो निम्नानुसार प्रस्तुत बिल से कटौति की जावेगी—

| | |
|---|---|
| (1) 07 दिवस विलम्ब | बिल की 5 प्रतिशत राशि की कटौति की जावेगी। |
| (2) 08 से 15 दिवस के विलम्ब | बिल की 10 प्रतिशत राशि की कटौति की जावेगी। |
| (3) 15 दिवस से अधिक विलम्ब | बिल की 15 प्रतिशत राशि की कटौति की जावेगी। |

3.65 **निविदा निष्पादित करने में असफल होनाः**—यदि एक बार सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर पुस्तिका प्रदाय हेतु प्रस्ताव दिया है एवं संबंधित निविदाकर्ता अपने निविदा निष्पादित करने में असफल होता है अथवा निविदा वापस लेना चाहता है तो ऐसी दशा में उनके द्वारा जमा की गई निष्पादन प्रतिभूति (Performance Security Gurantee) राशि विश्वविद्यालय द्वारा जब्त कर ली जावेगी।

3.66 **निविदाकर्ता द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों में गलत पाए जाने परः**—निविदाकर्ता एजेन्सी द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रो के गलत पाए जाने पर निविदाकर्ता ऐजेन्सी के विरूद्ध विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि राशि राजसात कर ली जावेगी।

3.67 **अन्य शर्तो का पालन न करनाः**—उक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त निविदा की शर्तों का पालन न करने पर कटौति का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.7 मान्य नही होने परः—

3.71 जो निविदा मान्य नही होगी उनकी निविदा प्रतिभूति की राशि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

3.72 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई निविदा प्रतिभूति तथा निष्पादन प्रतिभूति (Performance Gurantee) राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.8 **कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार:–**

**3.81** निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर विश्वविद्यालय प्रशासन स्वविवेक से पैरामीटर/ प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगा। इस संबंध किसी का दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**3.82** निविदा प्रक्रिया के संबंध मे किसी भी प्रकार की (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलसचिव बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।

**3.83** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पास किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को पूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी स्तर पर स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने के सभी अधिकार सुरक्षित है।

**3.84** निविदाकर्ता तथा विश्वविद्यालय के मध्य कोई विवाद अथवा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा जो दोनों पक्षों को मान्य होगा।

**3.85** निविदा विषयक विवाद में Sole Arbitrator कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल होंगे।

**3.86** न्यायालयीन विवाद की स्थिति मे क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

उत्तरपुस्तिका:–

4.11 प्रत्येक उत्तरपुस्तिका का आकार ए–4 तथा लेण्ड स्केप होना चाहिए।

4.12 उत्तरपुस्तिका का कागज 70 जी.एस.एम. का क्रीमवोव होना चाहिए।

4.13 उत्तरपुस्तिका के अन्दर के पृष्ठों पर 19 क्षैतीज एक ऊपर बोल्ड लाईन होना चाहिए।

4.14 उत्तरपुस्तिकाओ के मुख्य पृष्ठ पर मेटर आफसेट में मुद्रण होना चाहिए।

4.15 उत्तरपुस्तिकाओं के बांये ओर ऊपर पृष्ठ पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का मोनो मुद्रित होना चाहिए।

4.16 उत्तरपुस्तिकाओं के अंदर दायी ओर पृष्ठ क्रमांक गोले में मुद्रित होना चाहिए।

4.17 उत्तरपुस्तिकाओं की मशीन में सिलाई बाइंडिग होना चाहिए।

4.18 बोल्ड खडी लाईन के अंदर पृष्ठ मे प्रश्न क्रमांक का बाक्स 2 सेमी X 1.5 सेमी का बना होना चाहिए। इसके बाद BU BHOPAL मुद्रित होना चाहिए। तत्पश्चात अंक लिखने का बाक्स 2 सेमी X 1.5 का होना चाहिए।

4.19 उत्तरपुस्तिकाओं के मुख्य पृष्ठों पर परीक्षार्थिओं के लिए निर्देश एवं अन्य प्रारूप विश्वविद्यालय सफल निविदाकर्ता को उपलब्ध कराएगा।

4.20 उत्तरपुस्तिकाओं में निर्धारित स्थान पर उत्तरपुस्तिका क्रमांक अंकित होना चाहिए।

4.21 उत्तरपुस्तिका में बायी ओर ऊपर एक होल पंच होना चाहिए।

4.22 पूरक उत्तरपुस्तिकाओं पर प्रायोगिक / पूरक उत्तरपुस्तिका लिखा होना चाहिए।

4.23 उत्तरपुस्तिका का मुख्य पृष्ठ पर एक रंग काला अन्य दूसरा रंग आवश्यकतानुसार आदेश देते समय निर्धारित किया जाएगा।

4.24 उत्तरपुस्तिकाओं के निम्नांकित पृष्ठ होना चाहिए।

(1) मुख्य उत्तरपुस्तिका 32 पृष्ठ (कवर पृष्ठ सहित)

(2) प्रायोगिक/पूरक उत्तरपुस्तिका 12 पृष्ठ (कवर पृष्ठ सहित)

मुख्य पृष्ठ:–

उत्तरपुस्तिका मुद्रण के उपरांत प्रिन्ट की स्याही मिटना नही चाहिए। मुख्य पृष्ठ का साईज ए–4 (लेण्डस्केप) होना चाहिए। मुख्य पृष्ठ में बारकोड चिपकाने के लिए जगह होना चाहिए एवं नम्बर, छात्र का रोल नम्बर, इनरोलमेन्ट नम्बर, परीक्षा का नाम, विषय का नाम, प्रश्नपत्र का नाम, परीक्षा दिनांक आदि सम्मिलित होना चाहिए। मुख्य पृष्ठ के पृष्ठ भाग में परीक्षार्थी/वीक्षक/परीक्षक के लिए निर्देश होने चाहिए। जिसका प्रारूप विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जावेगा।

4.2 उत्तरपुस्तिकाओं की एक वर्ष में अनुमानित संख्या एवं विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. | उत्तरपुस्तिका का विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | एक मुख्य उत्तरपुस्तिका 32 पृष्ठ लेण्डस्केप ( कवर पृष्ठ सहित) | लगभग 25 लाख |
| 2 | प्रायोगिक/पूरक उत्तरपुस्तिका 12 पृष्ठ (कवर पृष्ठ सहित) | लगभग 10 लाख |

मुख्य उत्तपुस्तिका एवं पूरक उत्तरपुस्तिका विश्वविद्यालय की आवश्यकतानुसार क्रय की जावेगी।

## भाग–5

निम्नानुसार दस्तावेजो फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित स्केन कॉपी अपलोड की जाना हैं।

| स.क्र. | विवरण |
|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र के मूल्य रूपये 1,000–00 ऑन–लाईन जमा की रसीद। |
| 02 | सुरक्षा निधि की राशि रूपये 6,00,000–00 ऑन–लाईन जमा की रसीद। |
| 03 | **अनुभवः**– फर्म द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2022–23, 2023–24, 2024–25) मे मान्यता प्राप्त न्यूनतम 2 शासकीय विश्वविद्यालयों/शैक्षणिक संस्थाओं में उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य किया गया हो, जिसमें न्यूनतम 25 लाख प्रतिवर्ष उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य किया हो। संबंधित संस्था का कार्य आदेश/प्रमाण पत्र प्रमाण स्वरूप प्रस्तुत करें। |
| 04 | **टर्नओवरः**–पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2022–23, 2023–24, 2024–25) में रू 6.00 करोड़ औसत का टर्न ओवर होना अनिवार्य है। **फर्म को टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि प्रस्तुत करें।** |
| 05 | **इनकम टैक्सः**–विगत पॉच असेसमेंट वर्ष (2020–21, 2021–22, 2022–23, 2023–24, 2024–25) का इनकम टैक्स प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें। |
| 07 | **ब्लैकलिस्टः**– निविदाकर्ता फर्म किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। ब्लैक लिस्टेड के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी यदि है तो प्रदान करना अनिवार्य है। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, तथा शपथ पत्र मे सभी निर्धारित शर्तों का पालन निविदाकर्ता द्वारा किया गया है के संबंध में भी उल्लेख होना चाहिए। शपथ पत्र रू0 500–00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित होगा। (शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न है।) |
| 08 | वैध जी.एस.टी (GST) नंबर की प्रति प्रस्तुत करें। |
| 09 | आयकर (PAN) की नंबर की प्रति प्रस्तुत करें। |
| 10 | वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करें। |
| 11 | निविदाकर्ता फर्म के पास ISO 9001:2008 जीवित अथवा अद्यतन प्रमाण–पत्र होना चाहिए। |
| 12 | निविदाकर्ता फर्म के पास ISO 27001:2008 जीवित अथवा अद्यतन प्रमाण–पत्र होना चाहिए। |
| 13 | निविदा प्रपत्र ए– 1 |

प्रपत्र ए – 1
(निविदा प्रपत्र)

प्रति,

कुलसचिव

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषय:– **उत्तरपुस्तिका प्रदाय कार्य हेतु निविदा वर्ष 2025 बाबत्।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार है:–

| स.क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एवं लेंडलाईन) | |
| 06 | ई–मेल | |

प्रमाण – पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के नाम "1", "2", "3", "4", "5", "6" दर्शित शर्तो के अनुसार उत्तरपुस्तिका प्रदाय कार्य की निविदा वर्ष 2025 का कार्य पूर्णतः करने की अपनी सहमति प्रदाय करते है।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

शपथ पत्र
रू0 500-00 के स्टाम्प पेपर पर
नोटरी से सत्यापित

मैं ---------------------- द्वारा प्रोप्राइटर मेसर्स ---------------------------------- निम्नलिखित कथन शपथ लेकर करता हूँ कि

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था/अर्द्धशासकीय संस्था/अशासकीय उपक्रम से कभी भी ब्लैकलिस्टेड नहीं किया गया है। पूर्व में ब्लैक लिस्टिंग के संबंध में सभी जानकारियाँ प्रदान की जा रही है और इस शपथ पत्र के साथ संलग्न की जा रही है। मै घोषणा करता हूँ और स्वीकार करता हूँ कि यदि मेरे द्वारा यहा प्रदान की गई जानकारी के अलावा कोई भी जानकारी विश्वविद्यालय के संज्ञान में आती है तो मेरी निविदा निरस्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पास होगा।

(2) यह कि फर्म निविदा मे दी गई सभी शर्तों को पूर्ण करती है।

(3) यह कि फर्म का उत्तरपुरितका कार्य सम्बन्धी कोई भी कानूनी विवाद में न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है।

(4) यह कि फर्म को किसी शासकीय संस्था/अर्द्धशासकीय संस्था/अशासकीय उपक्रम/बैंक से दिवालिया घोषित नहीं किया गया है।

(5) फर्म की विरूद्ध किसी भी थाने मे कोई भी अपराधिक प्रकरण पंजीकृत नही है।

(6) यह कि निविदा मे प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने तथा सुरक्षा निधि जब्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूं कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (6) मे वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य है।

शपथग्रहिता

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## निविदा प्रपत्र ए–2

फर्म का नाम

| स.क्र. | उत्तरपुस्तिका का विवरण निविदा में दिए स्पेसिफिकेशन अनुसार | दर रु. शब्दों में | दर प्रति नग<br>दर रु. अंकों में |
|---|---|---|---|
| 1 | एक मुख्य उत्तरपुस्तिका 32 पृष्ठ ए-4 साईज लेण्डस्केप ( कवर पृष्ठ सहित) | | |
| 2 | एक प्रायोगिक / पूरक उत्तरपुस्तिका 12 पृष्ठ ए-4 साईज (कवर पृष्ठ सहित) | | |

यदि कर देय हो तो निम्नानुसार कॉलम में कर की दर अंकित करें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कर का नाम एवं दर | | |
| 2 | कर का नाम एवं दर | | |
| 3 | कर का नाम एवं दर | | |